## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–16.05.2024 (संध्या 1900 बजे)

**मुख्य समाचार**

- **झारखंड में पांचवें और छठे चरण के लिए तेज हुआ चुनाव प्रचार, कल गृहमंत्री अमित भााह रांची में करेंगे रोड भाो।**
- **मध्यप्रदे□ा के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने हजारीबाग और कोडरमा में एनडीए प्रत्या□ियों के पक्ष में की जनसभा, झारखंड के मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने गिरिडीह में इंडी गठबंधन के लिए मांगा समर्थन।**
- **भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री अरूण सिंह ने झारखंड को बताया लैंड जिहाद का सबसे बड़ा केंद्र, कहा–राज्य में भ्रश्टाचार और तुश्टीकरण चरम पर।**
- **प्रवर्तन निदे□ालय, ईडी ने कोर्ट में रिमांड आवेदन देकर पिछले दिनों बरामद 35 करोड़ रुपये को मंत्री आलमगीर आलम का बताया।**
- **भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, एसीबी ने पलामू के प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी को नौ हजार रुपए रि□वत लेते किया गिरफ्तार।**

*******************

झारखंड में पांचवें और छठे चरण में होने वाले चुनाव के लिए प्रचार अभियान तेज हो गया है। स्टार प्रचारक एनडीए और इंडी गठबंधन के प्रत्याशियों के लिए जोर–शोर से चुनाव प्रचार में जुटे हैं। इसको लेकर चुनाव वाले जिलों में जनसभाएं की जा रही हैं। झारखंड में पांचवें चरण में चतरा, कोडरमा और हजारीबाग लोकसभा सीट पर 20 मई को चुनाव होना है। इसके अलावा छठे चरण में आगामी 25 को गिरिडीह, धनबाद, जमशेदपुर और रांची में मतदान कराए जाएंगे। वहीं सातवें चरण के उम्मीदवारों के लिए नाम वापस लेने का कल 17 मई को अंतिम दिन है।

*******************

गृहमंत्री अमित शाह कल झारखंड दौरे पर हैं। वे रांची लोकसभा सीट से एनडीए प्रत्याशी संजय सेठ के समर्थन में चुनाव प्रचार करने आ रहे हैं। कल रांची के चुटिया में गृहमंत्री रोड शो करेंगे। रांची में लोकसभा चुनाव के छठे चरण में 25 मई को मतदान होना है। यहां एनडीए से भाजपा प्रत्याशी संजय सेठ और इंडी गठबंधन से कांग्रेस की यशस्विनी सहाय मुख्य रूप से चुनाव मैदान में हैं।

*******************

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री और भाजपा के स्टार प्रचारक मोहन यादव ने आज हजारीबाग लोकसभा सीट से एनडीए प्रत्याशी मनीष जायसवाल के पक्ष में जिले के बरही में एक चुनावी जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने राज्य सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि यहां के मुख्यमंत्री पहले से जेल में हैं, अब मंत्री आलमगीर आलम भी जेल चले गए। इसके बाद मोहन यादव ने कोडरमा के जयनगर में एनडीए प्रत्याशी अन्नपूर्णा देवी के पक्ष में भी एक सभा की। सभा में उन्होंने कहा कि कांग्रेस कष्मीर से धारा 370 हटाने पर खून–खराबे की बात कहती थी, वहीं नरेंद्र मोदी सरकार ने बिना किसी हिंसा के इसे खत्म कर दिया। जनसभा को भाजपा प्रत्याशी अन्नपूर्णा देवी ने भी संबोधित किया।

*******************

झारखंड के मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने आज गिरिडीह जिले के गांडेय में कोडरमा के भाकपा माले प्रत्याशी विनोद कुमार सिंह और गांडेय विधानसभा उपचुनाव में झामुमो प्रत्याशी कल्पना सोरेन के पक्ष में चुनावी सभा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि हेमंत सोरेन की सरकार गरीबों के लिए काम कर रही थी, जो भाजपा को अच्छा नहीं लगा। उन्होंने कहा कि जो भुइंहरी जमीन बिक नहीं सकती, उसे बेचने के आरोप में हेमंत सोरेन को जेल भेजा गया है। इस दौरान कल्पना सोरेन ने कहा कि हेमंत सरकार गरीबों का राशन कार्ड बनाकर उन्हें अनाज दे रही थी लेकिन भाजपा सरकार में 11 लाख राशन कार्ड डिलीट कर दिया गया। उन्होंने लोगों से 20 मई को मतदान करने की अपील की।

*******************

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री एवं राज्यसभा सांसद अरुण सिंह ने कहा है कि झारखंड में भ्रष्टाचार एवं तुष्टीकरण चरम पर है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश लैंड जिहाद का सबसे बड़ा केंद्र है। श्री सिंह आज रांची स्थित प्रदेश भाजपा कार्यालय में पत्रकारों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आलमगीर आलम ने अभी तक इस्तीफा नहीं दिया है। मुख्यमंत्री को उनसे तुरंत इस्तीफा लेना चाहिए और मामले की जांच तेज कर झारखंड की गरीब जनता से लूटे गए पैसों की जानकारी उजागर होनी चाहिए।

*******************

देवघर के उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी विशाल सागर और पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन ने देवघर तथा मधुपुर विधानसभा के मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। और जानकारी के साथ हमारे संवाददाता—

*******************

प्रवर्तन निदेशालय, ईडी ने ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम की रिमांड के लिए कोर्ट को दिये आवेदन में टेंडर प्रक्रिया की अनियमितता में मंत्री की संलिप्तता की जानकारी दी है। ईडी ने आज कोर्ट को बताया कि इस केस से जुड़े गवाहों के बयान और छापेमारी में मिले सबूत यह बताते हैं कि पिछले दिनों बरामद 35 करोड़ रुपए मंत्री आलमगीर आलम के ही हैं। मंत्री के आप्त सचिव संजीव लाल और नौकर इन रुपयों की देखभाल करते थे। मंत्री आलमगीर आलम ग्रामीण विकास विभाग के प्रत्येक टेंडर में डेढ़ प्रतिशत कमीशन वसूलते थे। कमीशन की राशि विभाग के सहायक अभियंता मंत्री तक पहुंचाते थे। ईडी के अनुसार इसी केस में जेल में बंद निलंबित मुख्य अभियंता वीरेंद्र राम ने पूछताछ में बताया कि सितंबर 2022 में मंत्री को कमीशन के तौर पर एक इंजीनियर ने तीन करोड़ रुपए नकद दिए थे।

*******************

झारखंड हाईकोर्ट में आज विधानसभा नियुक्ति गड़बड़ी मामले में दायर एक जनहित याचिका पर सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार और विधानसभा की ओर से सीलबंद रिपोर्ट पेश की गई। मामले की अगली सुनवाई के लिए अदालत ने 11 जून की तिथि निर्धारित की है। पिछली सुनवाई में कोर्ट ने राज्य सरकार और झारखंड विधानसभा से पूछा था कि जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद की रिपोर्ट में क्या त्रुटियां थीं, जिसके कारण दूसरा आयोग बनाना पड़ा था। राज्य सरकार की ओर से कोर्ट में जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद एवं एसजे मुखोपाध्याय आयोग की रिपोर्ट पहले ही प्रस्तुत की जा चुकी है।

*******************

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, एसीबी ने पलामू जिले के नावाबाजार प्रखंड के कार्यक्रम पदाधिकारी को रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। पदाधिकारी एक स्कूल के कर्मचारी से मानदेय चालू कराने के लिए नौ हजार रुपए घूस ले रहा था। एसीबी सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पिछले 22 अप्रैल को प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी हरि प्रसाद ठाकुर और प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी बच्चन कुमार ने नावाबाजार प्रखंड के एक विद्यालय का निरीक्षण किया था। इस दौरान दोनों ने स्कूल के एक कर्मचारी के मानदेय भुगतान पर रोक लगा दी थी। इसी के भुगतान के लिए बीपीओ ने स्कूलकर्मी से दस हजार रुपये की मांग की थी।

*******************

सिमडेगा जिले के बानो रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर तीन पर आज निर्माण कार्य में लगी ट्रैक्टर ट्रॉली को बरौनी—मेंगलुरु स्पेशल ट्रेन ने टक्कर मार दी। ड्राइवर की सूझबूझ से बड़ा हादसा टल गया। ट्रेन के सभी पैसेंजर सुरक्षित हैं। ट्रैक का निरीक्षण कर एक घन्टे बाद ट्रेन को गंतव्य के लिए रवाना कर दिया गया।

*******************

कोडरमा जिले के के चंदवारा थाना क्षेत्र के मदनगुंडी में ऑटो और कंटेनर के बीच हुई टक्कर में दो महिलाओं की मौत हो गई, जबकि ऑटो चालक गंभीर रूप से घायल हो गया है। हादसे के बाद कंटेनर चालक भाग निकला। बाद में पुलिस की तत्परता से उसे पकड़ लिया गया। ऑटो झुमरी तिलैया से बरही की ओर जा रहा था। बताया जाता है कि मदनगुंडी में फोरलेन निर्माण की वजह से एक लेन को बंद कर दिया गया था और सिंगल लेन पर ही वाहनों की आवाजाही हो रही थी, जिसके कारण यह दुर्घटना हुई।

*******************

झारखंड के अधिकांश हिस्सों में आज आसमान में हल्के बादल छाए रहे, जिससे उमस भरी गर्मी महसूस की गई। आने वाले चार दिनों में राज्य के कुछ स्थानों पर हीट वेव का असर देखने को मिलेगा। मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार राजधानी और उसके आसपास के जिलों में हीट वेव की आशंका नहीं है। इसके बावजूद रांची का अधिकतम तापमान 40 डिग्री से अधिक रहने का अनुमान जताया गया है।

*******************